Web: www.uttaranchaldeep.com
Email-uttaranchaldeep@gmail.com

सांध्य दैनिक
# उत्तरांचल दीप
सबके हाथ सच के साथ


सूर्यास्त
उत्तराखण्ड में शुक्रवार
सायं 6:47 बजे


सूर्योदय
उत्तराखण्ड में शनिवार
सुबह 5:45 बजे




हल्द्वानी | वर्ष 19 अंक 72 पृष्ठ 4 मूल्य 1.00 रु. | शुक्रवार, 4 सितम्बर 2026

कृष्ण की लीला दर्शाती सात...पेज-3 पर

# मटकी में माखन, गलियों में कान्हा की धूम, जन्माष्टमी पर भक्ति में डूबा हल्द्वानी

**हल्द्वानी**

हमारे संवाददाता

आधी रात के इंतजार में सजे मंदिर, कान्हा के बाल रूप में सजे नन्हे-मुन्ने, फूलों से सजी झांकियां और भजनों से गूंजता माहौलज्ञ जन्माष्टमी के मौके पर पूरा हल्द्वानी कृष्ण भक्ति के रंग में रंगा नजर आया। भगवान श्रीकृष्ण के जन्मोत्सव को लेकर सुबह से ही श्रद्धालुओं में खासा उत्साह रहा। शाम ढलते ही मंदिरों और धार्मिक स्थलों पर श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ने लगी।

शहर के विभिन्न इलाकों में घरों और मंदिरों को रंग-बिरंगी रोशनी और फूलों से सजाया गया। कहीं बाल गोपाल झूले में विराजमान दिखे तो कहीं नन्हे बच्चों ने कृष्ण और राधा का रूप धरकर सभी का मन मोह लिया। महिलाओं ने भजन-कीर्तन कर कान्हा की आराधना की और परिवार की सुख-समृद्धि की कामना की। शहर में जगह-जगह सजाई गई कृष्ण लीला और बाल गोपाल की झांकियां आकर्षण का केंद्र रहीं। कहीं कालिया नाग मर्दन तो कहीं गोवर्धन पर्वत उठाए कान्हा का स्वरूप लोगों को खूब भाया। बच्चों में भी जन्माष्टमी को लेकर खासा उत्साह दिखाई दिया।






## आधी रात को हुआ नंदलाल का जन्म

जन्माष्टमी का सबसे खास पल रात 12 बजे आया। जैसे ही घड़ी की सुई मध्यरात्रि पर पहुंची, मंदिरों में घंटियां और शंखनाद गूंज उठे। श्रद्धालुओं ने 'नंद के घर आनंद भयो, जय कन्हैया लाल की' के जयकारे लगाए। भगवान श्रीकृष्ण का पंचामृत से अभिषेक कर उन्हें नए वस्त्र और आभूषण पहनाए गए। इसके बाद श्रद्धालुओं में प्रसाद वितरित किया गया।

## बाजारों में भी दिखा त्योहार का रंग

जन्माष्टमी को लेकर बाजारों में भी रौनक रही। कान्हा की पोशाक, मुकुट, बांसुरी, मोरपंख और झूले खरीदने के लिए लोग दुकानों पर पहुंचे। छोटे बच्चों के लिए कृष्ण की पोशाक की खूब मांग रही। घरों में महिलाओं ने व्रत रखकर कान्हा के जन्म का इंतजार किया।

## News कॉर्नर

### सल्ट भौनखाल क्षेत्र में बाघ को किया ट्रैंकुलाइज

**अल्मोड़ा।** तड़म ग्रामसभा के भौनखाल क्षेत्र में एक बाघ को ट्रैंकुलाइज कर रेस्क्यू कर लिया गया है। वन विभाग की टीम ने बुधवार देर रात उसे सुरक्षित कब्जे में लेकर रेस्क्यू वाहन से रामनगर के ढेला स्थित रेस्क्यू सेंटर भेज दिया। लगातार हमलों की घटनाओं के बाद बाघ के पकड़े जाने के बाद आसपास के ग्रामीणों ने राहत की सांस ली है। सल्ट विकासखंड के मोहान वन रेंज के डभरा-सौराल गांव के तोक घोड़ीधार में तीन अगस्त को 21 वर्षीय शालू की वन्यजीव के हमले में मौत के बाद से वन विभाग क्षेत्र में लगातार निगरानी और रेस्क्यू अभियान चला रहा था। ट्रैप कैमरे, ड्रोन, लाइव कैमरे, गश्ती दल और पिंजरों की मदद से बाघ की गतिविधियों पर नजर रखी जा रही थी। इसी बीच मंगलवार रात तड़म ग्रामसभा के भौनखाल स्थित प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र के चिकित्सा प्रभारी के आवास के बाहर एक बाघ ने गाय को निवाला बना लिया। ग्रामीणों के शोर मचाने पर बाघ गाय को छोड़कर जंगल की ओर भाग गया। सूचना मिलने पर बुधवार को रेंजर हेमा कर्नाटक के नेतृत्व में वन विभाग की टीम मौके पर पहुंची और बाघ को पकड़ने की रणनीति तैयार की।

नेपाल त्रासदी

# दस दिन बाद त्रिशूली-3ए सुरंग से जिंदा मिले दो मजदूर

**नई दिल्ली**

एजेंसी

नेपाल में 26 अगस्त की विनाशकारी बाढ़ के 10 दिन बाद त्रिशूली-3ए जलविद्युत परियोजना की सुरंग से दो मजदूरों को जिंदा बचाया गया। दोनों मजदूर त्रासदी वाले दिन सुरंग में फंस गए थे। वहीं, नेपाल में बाढ़ से अब तक 1,290 लोगों की मौत हो चुकी है, जबकि बड़ी संख्या में लोग लापता हैं।

नेपाल में 10 दिन पहले आई भीषण बाढ़ और तबाही के बीच दो मजदूरों को सुरंग से जिंदा बाहर निकाल लिया गया है। दोनों मजदूर त्रिशूली-3ए जलविद्युत परियोजना की एक सुरंग में फंसे हुए थे। 10 दिन तक अंधेरे और मुश्किल हालात में जिंदगी की जंग लड़ने के बाद शुक्रवार को उन्हें सुरक्षित बाहर निकाला गया। बचाए गए मजदूरों की पहचान 45 वर्षीय कबीर महारजन और 30 वर्षीय संजय साह के रूप में हुई है। महारजन परियोजना में मैकेनिकल सुपरवाइजर और साह फोरमैन के तौर पर काम कर रहे थे। नेपाल सेना के नेतृत्व में सुरक्षा बलों की टीम लगातार सुरंग में दोनों की तलाश कर रही थी। बचाव अभियान में विशेष उपकरणों की मदद ली गई। अभियान के दौरान जब बचावकर्मियों को सुरंग के भीतर से आवाजें सुनाई दीं, तो उनकी उम्मीद जगी। टीम ने अंदर फंसे लोगों से संपर्क स्थापित किया और इसके बाद उन्हें बाहर निकालने के प्रयास तेज कर दिए गए।

दरअसल शुक्रवार को बचावकर्मियों ने सुरंग के अंदर से एक से अधिक लोगों की आवाजें सुनीं। इसके बाद उन्होंने अंदर मौजूद लोगों से कहा, घबराइए मत, हम आपको बचा रहे हैं। अंदर से जवाब भी मिला था।



## नेपाल बाढ़ में अब तक 1290 लोगों की मौत

यह बचाव ऐसे समय हुआ है, जब नेपाल में 26 अगस्त को आई विनाशकारी बाढ़ ने भारी तबाही मचाई है। नेपाल पुलिस के मुताबिक, अब तक 1,290 लोगों की मौत हो चुकी है। सैकड़ों लोग अब भी लापता हैं। बाढ़ की शुरुआत नेपाल-तिब्बत सीमा के पास हुए बर्फ और चट्टानों के बड़े मलबे के खिसकने से हुई थी। इसके बाद उत्तरी और मध्य नेपाल के कई शहर और गांव बुरी तरह प्रभावित हुए। ऐसे भयावह हालात के बीच 10 दिन बाद दो मजदूरों का जिंदा मिलना राहत और उम्मीद की एक बड़ी खबर बनकर सामने आया है।



# जंतर मंतर: सीजेपी नेताओं ने संसद मार्ग पुलिस स्टेशन को घेरा

**नई दिल्ली**

एजेंसी

कॉक्रोच जनता पार्टी (सीजेपी) प्रवक्ता सौरभ दास और सह-संयोजक आशुतोष रांका निशु आजाद मामले में अपने अन्य साथियों के साथ पार्लियामेंट स्ट्रीट पुलिस स्टेशन पहुंच गए हैं। वह पटेल चौक से पुलिस स्टेशन की ओर गए। यह मामला जंतर-मंतर पर हुए विरोध प्रदर्शनों के दौरान उनके एक समर्थक को लगी चोटों से जुड़ा है।

सीजेपी कार्यकर्ता निशु आज़ाद से जुड़े मामले पर एनएसयूआई के राष्ट्रीय अध्यक्ष बिनोद जाखड़ ने कहा, जंतर-मंतर पर जो आंदोलन चल रहा था, निशु उस आंदोलन का हिस्सा थीं। इस देश में पेपर लीक के खिलाफ तमाम छात्रों की नाराजगी थी और वो अपने पिता के सामने आती हैं तभी भाजपा समर्थित कार्यकर्ता उनके पिता का सिर फोड़ता है और खुलेआम मीडिया के सामने ये कहता है कि कैसे उस पर कोई एफआईआर दर्ज नहीं हुई और स्वीकार करता है कि एफआईआर होनी चाहिए थी... वे(निशु आजाद) एफआईआर दर्ज करवाने के लिए भी जब दर-बदर ठोकर खा रही हैं... तो इस देश के अंदर लोकतंत्र बचा कहां है? जवाबदेही बची कहां है? राहुल गांधी पहले दिन से निशु और उनके परिवार के साथ खड़े हैं। हम उनकी लड़ाई को मजबूती के साथ लड़ेंगे।

## सीजेपी ने की यह मांग

सीजेपी के सह-संयोजक रांका ने इसे देश और लोकतंत्र के लिए शर्मनाक दिन बताया। उन्होंने कहा कि उनका पूरा दल शुरुआत से ही संजय के साथ खड़ा है। सीजेपी ने दिल्ली पुलिस से तत्काल हमलावरों को गिरफ्तार करने की मांग की है। उन्होंने हत्या के प्रयास का मामला दर्ज करने और सभी गंभीर धाराओं को लागू करने की भी मांग की।

# शुद्धिकरण विवाद: 7 को कांग्रेस का मुख्यमंत्री आवास कूच, राहुल के शामिल होने की संभावना

**देहरादून**

हमारे संवाददाता

हल्द्वानी में कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे की रैली के बाद शुरू हुआ विवाद अब सियासी आंदोलन का रूप लेता दिख रहा है। कांग्रेस ने इस मुद्दे को लेकर सरकार पर दबाव बढ़ाने की तैयारी शुरू कर दी है।

हल्द्वानी में राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे की रैली के बाद कार्यक्रम स्थल पर शुद्धिकरण मामले को लेकर कांग्रेस आगामी चुनाव तक गरमाए रखना चाहती है। प्रदेश कांग्रेस कमेटी ने इस मामले में सात सितंबर को मुख्यमंत्री आवास कूच करने की तैयारी कर रही है। इस रैली में लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी व अन्य राष्ट्रीय नेताओं के शामिल होने की संभावना जताई जा रही है। आठ अगस्त को हल्द्वानी के रामलीला मैदान में राष्ट्रीय मल्लिकार्जुन खरगे की रैली हुई थी। इसके बाद कुछ लोगों ने कार्यक्रम स्थल पर शुद्धिकरण करने के मामले ने तूल पकड़ा। कांग्रेस का पार्टी के राष्ट्रीय दलित नेता खरगे के अपमान को लेकर आक्रामक रुख है। कांग्रेस की मांग है कि राज्यपाल से लेकर पुलिस के उच्च अधिकारियों व सभी पुलिस थानों में तहरीर देने के बाद भी शुद्धिकरण करने वालों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज नहीं की गई। कांग्रेस का कहना है कि भाजपा की शह पर हल्द्वानी में पार्टी के शीर्ष नेता राहुल गांधी के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज की है।

## व्यू प्वाइंट से अचानक नीचे गिरा दिल्ली का युवक, उपचार के दौरान मौत

**देहरादून।** मसूरी लाइब्रेरी चौक स्थित व्यू प्वाइंट से शुक्रवार तड़के एक युवक अचानक नीचे गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गया। पुलिस ने घायल युवक को तत्काल एंबुलेंस से सिविल अस्पताल मसूरी पहुंचाया, जहां उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई।

एसएसआई सतेंद्र भाटी ने बताया कि मृतक की पहचान शिवम (20) पुत्र अजय, निवासी नई दिल्ली के रूप में हुई है। युवक मसूरी घूमने के लिए आया हुआ था। शुक्रवार सुबह करीब पांच बजे वह लाइब्रेरी चौक स्थित व्यू प्वाइंट पर था, जहां अचानक वह नीचे गिर गया। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस कर्मी मौके पर पहुंचे और पुलिस ने मृतक के परिजनों को घटना की सूचना दे दी है।

# फिर बदलेगा मौसम, छह जिलों में भारी बारिश की चेतावनी

**देहरादून**

हमारे संवाददाता

उत्तराखंड में मौसम ने पहाड़ी जिलों में लोगों की चिंता बढ़ गई है। बारिश के साथ भूस्खलन और सड़कें बंद होने से कई क्षेत्रों में आवाजाही पहले ही प्रभावित है।

उत्तराखंड में मौसम एक बार फिर करवट लेने जा रहा है।

मौसम विभाग के अनुसार शुक्रवार को राज्य के नैनीताल, चम्पावत, देहरादून, रुद्रप्रयाग, चमोली और बागेश्वर जनपदों में कहीं-कहीं भारी वर्षा होने की संभावना है। वहीं राज्य के सभी जनपदों में कहीं-कहीं गरज के साथ आकाशीय बिजली चमकने तथा वर्षा के तीव्र से अति तीव्र दौर आने की संभावना जताई गई है। राज्य में भूस्खलन समेत अन्य कारणों के चलते बृहस्पतिवार को 108 सड़कें बंद रहीं। अल्मोड़ा में आठ, बागेश्वर में 11, चमोली में 16 मार्ग बंद हैं। चंपावत में एक, देहरादून में पांच, नैनीताल में 23, पौड़ी में छह, पिथौरागढ़ में 11, रुद्रप्रयाग में आठ, टिहरी में 10 और उत्तरकाशी में सात मार्ग बंद हैं। इन मार्गों के बाधित होने से लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ा।



# कृष्ण भक्ति में डूबा नैनीताल, मां नैना देवी मंदिर में गूंजे भजन

नैनीताल
हमारे संवाददाता

भगवान श्रीकृष्ण की जन्मलीला के उल्लास और भक्ति से नैनीताल सराबोर होने लगा है। दो दिवसीय जन्माष्टमी महोत्सव के तहत यो पहाड़ फाउंडेशन और मां नयना देवी मंदिर अमर उदय ट्रस्ट की ओर से मां नयना देवी मंदिर परिसर में भव्य भजन संध्या का आयोजन किया गया। मां नैना देवी की स्तुति के साथ कृष्ण भजनों और पहाड़ी लोकधुनों ने ऐसा रंग जमाया कि पूरा मंदिर परिसर देर शाम तक भक्तिरस में डूबा रहा।

कार्यक्रम में स्थानीय कलाकारों ने अपनी सुरमयी प्रस्तुतियों से श्रद्धालुओं को भाव-विभोर कर दिया। विरुपाक्ष बैंड ने अपनी प्रस्तुतियों से श्रोताओं की खूब तालियां बटोरीं वहीं सांवरिया म्यूजिकल ग्रुप नैनीताल ने पहाड़ी भजनों और लोकधुनों की शानदार प्रस्तुति देकर माहौल को और भक्तिमय बना दिया। भजनों की धुन पर श्रद्धालु भी झूमते नजर आए और मंदिर परिसर मां नैना देवी के जयकारों से गूंज उठा। महोत्सव को लेकर




आयोजकों का कहना है कि धार्मिक आयोजनों को केवल पूजा.पाठ तक सीमित रखने के बजाय इनके माध्यम से स्थानीय कलाए संगीत और संस्कृति को भी आगे बढ़ाना जरूरी है। इसी सोच के साथ दो दिवसीय जन्माष्टमी महोत्सव में भक्ति के साथ सांस्कृतिक प्रस्तुतियों को विशेष स्थान दिया गया है।कार्यक्रम में ट्रस्ट अध्यक्ष राजीव लोचन साह, सचिव हेमंत शाह, उपाध्यक्ष घनश्याम लाल साह, उपसचिव प्रदीप शाह, कोषाध्यक्ष किशन सिंह नेगी, सुरेश मेलकानी, यो पहाड़ के अध्यक्ष डॉ संतोख सिंह बिष्ट, सचिव सागर सोनकर, चंद्रकांत जोशी, दीपक पूलस, जितेंद्र मर्तोलिया, नीरज बिष्ट, शिवा सिंह बिष्ट, चेतन मेहरा, अमित, अभिषेक तिवारी, दीपक जोशी, हिमांशु बिष्ट, दीपा बिष्ट, खुशी, दीप्ति बोरा, अर्जुन बोहरा व लोकेश बिष्ट सहित अन्य लोग मौजूद रहे।



## सेंट जॉन्स स्कूल में धूमधाम से मनाई गई श्रीकृष्ण जन्माष्टमी

**नैनीताल** । नगर के प्रतिष्ठित सेंट जॉन्स स्कूल में श्रीकृष्ण जन्माष्टमी का पर्व हर्षोल्लास से मनाया गया। इस अवसर पर विद्यालय के नन्हे.मुन्ने बच्चों ने राधा रानी और भगवान श्रीकृष्ण की मनमोहक वेशभूषा धारण कर सभी का मन मोह लिया। बच्चे राधा.कृष्ण के सुंदर रूप में बेहद आकर्षक नजर आए।विद्यालय परिसर में जन्माष्टमी की विशेष सजावट की गई।राधा रानी और श्रीकृष्ण के वेश में बच्चों को झूले में विराजमान कराकर श्रद्धा एवं उत्साह के साथ झूला झुलाया गया इस दौरान बच्चों ने राधा.कृष्ण के रूप में सेल्फी लेकर इस यादगार पल को कैमरे में कैद किया। इस दौरान विद्यालय की प्रधानाचार्य ,उप प्रधानाचार्य पूनम बिष्ट, सीनियर कॉर्डिनेटर ज्योति त्रिपाठी, मिडिल कॉर्डिनेटर अनीता बोरा, जूनियर कॉर्डिनेटर आशा जोशी, लता फर्त्याल, रूचि साह, विक्रम सिंह रावत, किरन मेर, पल्लवी जोशी, किरन रतूड़ी, शाहीन, पूजा आर्या, लवी जोशी, तुलसी,पूनम तथा रेनू एवम समस्त कार्यालय स्टाफ उपस्थित रहे।



## दूषित पेयजल की आपूर्ति जनस्वास्थ्य से जुड़ा अत्यंत गंभीर मुद्दाःदर्जा राज्य मंत्री दिनेश आर्य

नैनीताल
हमारे संवाददाता

दर्जा राज्य मंत्री दिनेश आर्य ने बीरवार को ज्योलीकोट में कहा कि दूषित पेयजल की आपूर्ति जनस्वास्थ्य से जुड़ा अत्यंत गंभीर विषय है। मुखयमंत्री पुष्कर सिंह धामी के नेतृत्व में उत्तराखंड सरकार जनस्वास्थ्य एवं मूलभूत सुविधाओं को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए समस्या के त्वरित समाधान के लिए पूरी तत्परता से कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि क्षेत्रवासियों को स्वच्छ पेयजल एवं बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं मुहैया कराने के लिए संबंधित विभागों के साथ समन्वय बनाकर आवश्यक कदम उठाए जाएंगे।बीते दो माह से इलाके में जलजनित बीमारियों से मचे हाहाकार के बाद श्री आर्या ने ज्योलीकोट में स्वास्थ्य शिविर और स्वास्थ्य केंद्र का निरीक्षण कर रोगियों, जांच और उपचार मुहैया सुविधाओं की जानकारी ली। इलाके में स्वच्छ पेयजल की आपूर्ति, अपूर्ण योजनाओं को पूरा करने के लिए विभागीय उच्च अधिकारियों को निर्देश दिए। इस दौरान डॉ. हेमंत मर्तोलिया, डॉ गर्वित कुमार, संतोष राठौर, पूर्व प्रधान रजनी रावत तथा उप प्रधान मनीष कुमार आदि उपस्थित थे।

## विधायक सरिता ने जल जनित रोग से पीड़ित लोगों का जाना हालचाल

नैनीताल
हमारे संवाददाता

नैनीताल सांसद अजय भट्ट और विधायक सरिता आर्या ने ज्योलीकोट में अधूरी पेयजल योजना को पूर्ण कर सुचारु करने के लिए अपनी अपनी निधि से ढाई- ढाई लाख कुल पांच लाख रुपए देने की घोषणा की और अधिकारियों से जल्द कार्य शुरू करने के निर्देश दिए।

सरिता आर्या ने इस दौरान स्थानीय लोगों से मुलाकात कर जल जनित रोग से पीड़ित लोगों के स्वास्थ्य की जानकारी ली। और हर संभव मदद का आश्वासन दिया। देर शाम ज्योलीकोट पहुंची विधायक सरिता आर्या को लोगों ने बताया कि विभागीय लापरवाही से लोगों को बड़े पैमाने स्वास्थ्य संबंधित दुश्वारियों का सामना करना पड़ा जिससे कि इलाके में लोगों में दहशत है, लोग पेयजल के लिए परेशान हैं और दुर्गापुर जल स्रोत में सीवर लीकेज के स्थायी समाधान की मांग की। विधायक ने सांसद अजय भट्ट से वार्ता करने के बाद दोनों निधियों से पांच लाख रुपए देने की घोषणा की इस दौरान जल संस्थान के अधिशासी अभियंता अनीश पिल्लई को सीवर लीकेज के स्थायी समाधान, क्षेत्र के लिए लिफ्टिंग पेयजल योजना के सर्वेक्षण, इस्टीमेट तैयार करने और स्वच्छ पेयजल आपूर्ति के निर्देश दिए। इस दौरान भाजपा जिला मंत्री पुष्कर जोशी, ग्राम प्रधान हरगोविंद रावत, उप प्रधान लक्ष्मण बिष्ट, सहायक अभियंता मोहन रावत व अवर अभियंता रविन्द्र पाठक व चेतन कुमार आदि उपस्थित थे।



## NEWS / फटाफट

### नैनीताल पालिका अतिक्रमण को लेकर हुई गंभीर

**नैनीताल** । नैनीताल में अतिक्रमण पर निगरानी रखने के लिए नगर पालिका परिषद नैनीताल ने अधिशासी अधिकारी रोहिताश शर्मा के निर्देशन में कर्मचारियों की दो पालियों में तैनाती की है। पालिका के कर निरीक्षक भारत प्रकाश ने बताया कि इसके तहत कर्मचारियों को सुबह आठ से दोपहर दो बजे और दोपहर दो से रात दस बजे तक ड्यूटी पर तैनात किया गया है।प्रथम पारी में विक्की सिलेलान, रवि बहुगुणा, ललित कुमार, महेश गेड़ा और कृष्णा कुमार को जिमेदारी दी गई है वहीं दूसरी पारी में विकास टांक, दिवाकर चौधरी, विनोद कुमार, सनी सैलवान और कपिल तोमर तैनात रहेंगे। सभी कर्मचारियों को निर्धारित समय पर अपने दायित्वों का निर्वहन करने के निर्देश दिए गए हैं।

### भल्यूटी में शिविर लगाकर 26 ग्रामीणों की जांच

**नैनीताल** । जलजनित संक्रमण की रोकथाम और ग्रामीणों को बीमारियों से बचाव के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से स्वास्थ्य विभाग की ओर से बीरवार को ज्योलीकोट के समीप भल्यूटी में स्वास्थ्य शिविर लगाया गया। शिविर में 26 ग्रामीणों के स्वास्थ्य की जांच की गई और उन्हें निशुल्क दवाइयां वितरित की गई।चिकित्सा अधीक्षक डॉण् हेमंत मर्तोलिया ने बताया कि शिविर के दौरान ग्रामीणों को दूषित पानी से होने वाली बीमारियों से बचाव के उपायों की जानकारी दी गई साथ ही स्वच्छ पेयजल के इस्तेमाल और साफ.सफाई को लेकर भी जागरूक किया गया। उन्होंने बताया कि ज्योलीकोट अस्पताल में भी ग्रामीणों की रक्त जांच की जा रही है जिससे संक्रमण की स्थिति की निगरानी की जा सके।

### टैंकों में कलोरीनेशन के साथ लिए पानी के नमूने

**नैनीताल** । दूषित पानी से फैल रहे संक्रमण की रोकथाम को लेकर जल संस्थान ने भी ज्योलीकोट और आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों में अभियान तेज कर दिया है। विभागीय टीम ने मुखय जलस्रोत से वितरण टैंक तक पहुंचने वाले पानी के साथ ही ग्रामीणों के व्यक्तिगत पानी के टैंकों से भी नमूने एकत्र किए। इन नमूनों को जांच के लिए भेजा जा रहा है।जल संस्थान के अधिशासी अभियंता अनीश पिल्लई ने बताया कि पानी के नमूने लेने के साथ ही वितरण टैंकों और ग्रामीणों के व्यक्तिगत टैंकों में कलोरीनेशन भी कराया जा रहा है। विभाग की ओर से पानी की गुणवत्ता की लगातार निगरानी की जा रही हैए ताकि दूषित पानी के कारण संक्रमण फैलने की आशंका को रोका जा सके।

### नासा ने की जीवनदायिनी नैनी झील की सफाई

**नैनीताल** । लगातार बारिश के बाद जीवनदायिनी नैनी झील में विभिन्न नालों व अन्य माध्यम के माध्यम से पहुंच रहे प्लास्टिक एवं अन्य तैरते कचरे की सफाई के लिए नैनीताल एक्वाटिक एंड एडवेंचर स्पोर्ट्स एसोसिएशन (नासा) के सदस्यों ने बीरवार को भी लगातार दूसरे दिन विशेष सफाई अभियान जारी रखा। एसोसिएशन के सदस्यों ने नौकाओं के माध्यम से झील के विभिन्न हिस्सों में पहुंचकर पानी की सतह पर जमा प्लास्टिक की बोतलें, पॉलीथिन तथा अन्य ठोस कचरे को एकत्र कर झील से बाहर निकाला। सफाई अभियान के दौरान सदस्यों ने झील में तैर रहे कचरे को व्यवस्थित रूप से एकत्र किया तथा उसे झील से बाहर किया ताकि उसका उचित निस्तारण किया जा सके। बारिश के बाद झील में अचानक बढ़े ठोस कचरे को देखते हुए एसोसिएशन द्वारा लगातार दूसरे दिन यह अभियान चलाया गया। अभियान में यशपाल सिंह रावत, धीरज, भूपाल बिष्ट, मोहममद फैजान, रोहित गर्ग, प्रो. रीतेश साह, विक्रम, मनीष, पिंकी, मोहममद सुभान व सिद्धि सहित नासा के अन्य सदस्यों एवं स्वयंसेवकों ने सक्रिय रूप से भाग लिया।



## 5 यूके नेवल यूनिट एनसीसी में रैंक समारोह आयोजित

नैनीताल
हमारे संवाददाता

कुमाऊं विश्वविद्यालय के डीएसबी परिसर स्थित 05 यूके नेवल यूनिट एनसीसी सब यूनिट की ओर से बीरवार को नैनीताल में कैडेट्स का रैंक समारोह आयोजित किया गया। समारोह में योग्य कैडेट्स को उनकी नई जिममेदारियों के अनुरूप विभिन्न रैंक प्रदान किए गए।

रैंक प्रदान करने के अवसर पर कमांडिंग ऑफि सर कैप्टन मृदुल शाह ने कैडेट्स को संबोधित करते हुए कहा कि एनसीसी युवाओं में अनुशासनए नेतृत्व क्षमता, आत्मविश्वास और जिम्मेदारी की भावना विकसित करने का महत्वपूर्ण माध्यम है। उन्होंने नवनियुक्त रैंक प्राप्त कैडेट्स को बधाई देते हुए कहा कि रैंक के साथ जिमेदारियां भी बढ़ती हैं। उन्होंने कैडेट्स से अपेक्षा की कि वे अपने पद की गरिमा बनाए रखते हुए अनुशासन, ईमानदारी और समर्पण के साथ अपने दायित्वों का निर्वहन करेंगे तथा अपने आचरण और कार्यों से अन्य कैडेट्स के लिए प्रेरणास्रोत बनेंगे। इस अवसर पर प्रो. (लेफ्टिनेंट) रीतेश साह ने कैडेट्स को संबोधित करते हुए कहा कि एनसीसी केवल वर्दी और रैंक तक सीमित नहीं है बल्कि यह युवाओं में नेतृत्वए टीम भावना, आत्मविश्वास, अनुशासन और राष्ट्रसेवा की भावना विकसित करने का एक महत्वपूर्ण मंच है। उन्होंने रैंक प्राप्त करने वाले कैडेट्स को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि उन्हें अपने वरिष्ठों से प्राप्त मार्गदर्शन का सममान करते हुए अपने साथियों का नेतृत्व सकारात्मक सोच और जिममेदारी के साथ करना चाहिए। उन्होंने कहा कि प्रत्येक कैडेट अपने व्यवहार, अनुशासन और कार्यों से एनसीसी तथा अपने संस्थान की गरिमा को बढ़ाने का प्रयास करे।समारोह में सीनियर कैडेट कैप्टन (एससीसी) के रूप में करण सिंह राणा जबकि कैडेट कैप्टन (सीसी) के रूप में वैशाली कर्नाटक, तुषार पांडे और गौरव सिंह बिष्ट को रैंक प्रदान किए गए। इसी क्रम में पेटी ऑफि सर (पीओ) के रूप में पायल जलाल, प्रीति राणा, साकेत, गौरव जनोटी और हिमांशु गुप्ता को तथा लीडिंग कैडेट (एलएसी) के रूप में ज्योति दानू, सृष्टि गुसाईं, गीतांजलि बिष्ट, मीनाक्षी आर्या, नेहा छिमवाल, अमन, लोकेश, अंकित खाती, रेखा आर्या और मानवी सनवाल को रैंक प्रदान किए गए।इस अवसर पर भारतीय नौसेना के प्रशिक्षक स्टाफ अनूप कुमार, विक्रांत, सन्नी कुमार एवं सतीश भी उपस्थित रहे।



### नोट

समाचार पत्र में छपे लेख, पत्र व अन्य कालमों में लेखकों के विचार होते हैं, उनसे संपादक का सहमत होना आवश्यक नहीं है।
–संपादक

पूर्व प्रधान संपादक:
स्व. वेदप्रकाश गुप्ता
स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक
श्रीमती आदेश अग्रवाल द्वारा
उत्तरांचल दीप प्रेस
चंद्रकाता हाउस, नैनीताल रोड
हल्द्वानी से मुद्रित एवं प्रकाशित
संपादक- श्रीमती आदेश अग्रवाल
प्रबंध संपादक- साकेत अग्रवाल
दूरभाष : 05946-224556
फैक्स:05946-283801
e-mail: Uttaranchaldeep@gmail.com
www.dainikuttaranchaldeep.com
आरएनआई नं. UTTHIN/ 2009/ 32558
समस्त विवाद हल्द्वानी
न्यायालय के अधीन होंगे।
संस्थापक: स्व. मुन्ना बाबू राजपूत

# अभिमत

## भविष्य की ऊर्जा

*भविष्य के लिए अक्षय ऊर्जा की ओर तेजी से बढ़ने की आवश्यकता है। सौर ऊर्जा, पवन ऊर्जा, जलविद्युत, बायोगैस, जैव ईंधन को बढ़ावा दिया जाना चाहिए। घर-घर सौर ऊर्जा का उपयोग होना चाहिए। भारत प्राकृतिक संपदा से संपन्न देश है। अक्षय ऊर्जा का तात्पर्य है कि इससे स्रोत का क्षय नहीं होता। पर्यावरण को क्षति नहीं पहुंचती है। स्रोत का नवीनीकरण होता रहता है। सौर ऊर्जा के लिए सरकार को घर-घर सोलर पैनल लगाने के लिए प्रोत्साहित करना चाहिए। कुछ वर्षों से सौर ऊर्जा की दिशा में कदम बढ़े हैं, परन्तु मंदगति के कारण बिजली के संकट से निजात नहीं मिल रही है।*

भौतिकवाद और आधुनिकता की अंधी दौड़ से मनुष्य ने प्रकृति को सर्वाधिक नुकसान पहुंचाया है। मनुष्य को सभी प्राणियों में सबसे विवेकशील और जागरूक माना जाता है। सुविधाभोगी मनुष्य को ऊर्जा की सबसे अधिक जरूरत है। वर्तमान में सर्वाधिक ऊर्जा जिस माध्यम से मिल रही है, उससे पर्यावरण प्रदूषण जानलेवा साबित हो रहा है। भविष्य के लिए अक्षय ऊर्जा की ओर तेजी से बढ़ने की आवश्यकता है। सौर ऊर्जा, पवन ऊर्जा, जलविद्युत, बायोगैस, जैव ईंधन को बढ़ावा दिया जाना चाहिए। घर-घर सौर ऊर्जा का उपयोग होना चाहिए। भारत प्राकृतिक संपदा से संपन्न देश है। अक्षय ऊर्जा का तात्पर्य है कि इससे स्रोत का क्षय नहीं होता। पर्यावरण को क्षति नहीं पहुंचती है। स्रोत का नवीनीकरण होता रहता है। सौर ऊर्जा के लिए सरकार को घर-घर सोलर पैनल लगाने के लिए प्रोत्साहित करना चाहिए। कुछ वर्षों से सौर ऊर्जा की दिशा में कदम बढ़े हैं, परन्तु मंदगति के कारण बिजली के संकट से निजात नहीं मिल रही है। घरों में सौर पैनल के लिए सब्सिडी की व्यवस्था की गई है, परन्तु बिचौलियों के कारण धोखाधड़ी के मामले भी उजागर हुए हैं। शहरों में आर्थिक रूप से संपन्न लोगों ने घरों में सोलर पैनल के माध्यम से ऊर्जा का प्रबंध किया है। बहुत से लोग अक्षय ऊर्जा के लिए प्रयासरत हैं, लेकिन जरूरी संसाधन उपलब्ध नहीं हो रहे हैं। बैंकों से आसानी से ऋण नहीं मिल पाता है। केन्द्र और राज्य सरकारों के कार्यालयों और अन्य शासकीय तथा अशासकीय संस्थानों में अक्षय ऊर्जा का प्रबंध पूरी तरह नहीं किया गया है। सरकारी कार्यालय, अस्पताल, होटल, शिक्षण संस्थानों का संचालन सौर ऊर्जा से सुनिश्चित किया जा सकता है। विद्युत के लिए प्राकृतिक संपदा का अनियोजित दोहन किया जा रहा है। विश्व के कई देशों में प्राकृतिक संपदा भारत की तुलना में कम होने पर भी अक्षय ऊर्जा संयंत्रों को विकसित करके विद्युत की आपूर्ति की जा रही है और पर्यावरण संरक्षण पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। भारत के शहरी क्षेत्र में सौर ऊर्जा की दिशा में काम हुआ है। गांव में निर्बाध रूप से विद्युत आपूर्ति नहीं हो पाती है। बिजली संकट से निपटने के लिए गांवों में सौर ऊर्जा के साथ बायोगैस के उपयोग को बढ़ावा दिया जाना चाहिए। परमाणु ऊर्जा, थर्मल पॉवर, गैस विद्युत प्लांट का उपयोग उद्योगों की बिजली आपूर्ति के लिए किया जाना चाहिए।

# उत्तरांचल मेडिकल एंड पब्लिक हैल्थ मि0 एसो0 का प्रदर्शन

### संगठन के प्रांतीय महामंत्री गिरीश चन्द्र का नियम विरुद्ध किए स्थानान्तरण पर जताया काली पट्टी बांध कर विरोध



**रुद्रपुर**
हमारे संवाददाता

उत्तरांचल मेडिकल एंड पब्लिक हैल्थ मिनिस्ट्रीयल एसोसिएशन के प्रान्तीय महामंत्री गिरीश चन्द्र तिवारी का नियम विरूद्ध तरीके से किए गए स्थानान्तरण के विरोध में कर्मियों ने काली पट्टी बांध कर प्रदर्शन किया। इस दौरान कर्मियों ने नारेबाजी की।

गुरुवार को जवाहर लाल नेहरू जिला अस्पताल में एकत्रित हुए संगठन के कर्मियों ने प्रान्तीय महामंत्री गिरीन तिवारी का बिना किसी कारण से नियम विरुद्ध तरीके सं स्थानान्तरण होने पर विरोध प्रदर्शन किया। जिला अध्यक्ष वंदना रावत ने कहा कि प्रांतीय महामंत्री का स्थानांतरण बिना किसी कारण से किया गया है। जो अत्यन्त ही निन्दनीय है। उन्होंने कहा कि संगठन के पदाधिकारियों का उत्पीडन किसी भी सूरत में बर्दास्त नहीं किया जाएगा। संगठन के जिला मंत्री रमेश चन्द्र जोश ने कहा कि यदि प्रांतीय महामंत्री गिरीश तिवारी का %बिना किसी कारण से नियमबिरूद्ध किया गया स्थानान्तरण तत्काल निरस्त नहीं होता है तो संगठन आंदोलन के लिए बाध्य होगा। उन्होंने कहा कि कर्मचारियों का उत्पीड़न किसी भी स्तर पर बर्दास्त नहीं किया जाएगा। उन्होंने बताया कि विरोध प्रदर्शन जनपद के सभी अस्पतालों के अलावा सीएमओ कार्यालय में किया गया। यहां पर प्रांतीय संयुक्त सचिव पंकज गोस्वामी, कमल तिवारी, अजय बिष्ट, शंकर गुप्ता, अमर सिंह, राकेश कोली, रक्षित बिष्ट,भीम त्रिपाठी,सुमित शिवानन्द, दीपमनि,अश्विनी, शिम्पीउत्कर्ष,गौरव बधूरी, अमित, जयन्ती बिष्ट,फैमिना खान,गीता आदि मौजूद रहे।

## पुलिस की तत्परता से मलबा हटाकर यातायात किया बहाल

नैनीताल । अचानक भारी मलबा आने से बाधित हुए नैनीताल-ज्योलीकोट मार्ग को ज्योलिकोट पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए सुचारू करवाया गया। हाईवे पेट्रोल ड्यूटी पर तैनात पुलिसकर्मियों ने मौके पर मुस्तैदी दिखाते हुए जेसीबी के सहयोग से तुरंत मलबा हटवायाए जिससे आवागमन दोबारा सुचारू रूप से शुरू हुआ। बीते दिनों से हो रही लगातार बारिश के चलते दो गांव के पास ज्योलिकोट-नैनीताल मार्ग पर अचानक रास्ते में मलबा आ गया था जिससे वाहनों की आवाजाही ठप हो गई और स्थानीय लोगों व यात्रियों को भारी असुविधा का सामना करना पड़ रहा था।

## नाम परिवर्तन सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरा नाम विनोद कुमार बिरखानी (Vinod Kumar Virkhani) हाईस्कूल अंकपत्र में गलत दर्ज है। वास्तविक नाम विनोद कुमार बिरखानी (Vinod Kumar "Birkhani") से ही मुझे जाना पहचाना जाये। **-विनोद कुमार बिरखानी पुत्र श्री देवीदत्त बिरखानी, निवासी जग्गीबंगर पो.हल्दूचौड, हल्द्वानी (नैनीताल) उत्तराखण्ड।**

# पुलिस का साइबर अपराधियों पर प्रहार, जनपद में चिन्हित साइबर हॉटस्पॉट स्थान पर चला विशेष अभियान

**रुद्रपुर**
हमारे संवाददाता

साइबर अपराध के बढ़ते खतरे पर प्रभावी अंकुश लगाने तथा साईबर अपराध में संलिप्त व्यक्तियों के खिलाफ कठोर कार्रवाई के उद्देश्य से डीजीपी के निर्देश जनपद में विशेष अभियान चलाया गया।



गुरुवार को थाना दिनेशपुर में भी विशेष साईबर अभियान चलाया गया। यह अभियान सीओ सिटी विभव सैनी के नेतृत्व में जनपद के साईबर सैल प्रभारी तथा थानाध्यक्ष पंकज कुमार दिनेशपुर की टीम ने दिनेशपुर क्षेत्र में विभिन्न स्थानों पर छापेमारी की और साईबर संदिग्ध व्यक्तियों का सत्यापन किया। साईबर टीम द्वारा उपलब्ध कराई गई खुफिया एवं तकनीकी सूचनाओं के आधार पर चिन्हित संदिग्ध व्यक्तियों एवं साईबर गतिविधियों वाले स्थानों पर योजनाबद्ध तरीके से कार्रवाई की गई। कार्रवाई के दौरान मिले तथ्यों, दस्तावेजों,डिजिटल साक्ष्यों समेत अन्य महत्वपूर्ण सूचनाओं का परीक्षण किया जा रहा है। सीओ सिटी के मुताबिक जांच में साईबर अपराध अथवा अन्य आपराधिक गतिविधियों में संलिप्तता पाए जाने पर संबंधित व्यक्तियों के विरुद्ध विधिक कार्रवाई अमल में लाई जाएगी। चिन्हित साइबर हॉटस्पॉट, संदिग्ध व्यक्तियों तथा साइबर अपराध में प्रयुक्त संसाधनों पर लगातार निगरानी रखी जाएगी। इसके साथ ही पुलिस प्राप्त सूचनाओं के आधार पर भविष्य में भी कार्रवाई की जाएगी।

## 92 वर्षीय वृद्ध की लोहे की रॉड से पीट कर की गयी थी हत्या

नैनीताल । नैनीताल जनपद के जिला एवं सत्र न्यायाधीश प्रशांत जोशी ने 92 वर्षीय शिवराज सिंह की हत्या के आरोपित दीवान महरा पुत्र स्व. बालम महरा निवासी घंघरेटी बेतालघाट का धारा 105 भारतीय न्याय संहिता के तहत जमानत प्रार्थना पत्र खारिज कर दिया है। अभियोजन के अनुसार 8 जुलाई 2025 को दीवान सिंह ने शिवराज सिंह के साथ लोहे की रॉड से मारपीट की थी जिसमें उन्हें गंभीर चोटें आई। उपचार के दौरान 12 जुलाई 2025 को उनकी मृत्यु हो गई। अभियोजन ने बताया कि दो गवाहों देव सिंह और मदन सिंह के बयान चश्मदीद के रूप में दर्ज हैं तथा विवेचना के दौरान घटना में प्रयुक्त लोहे की रॉड भी बरामद की गई। पोस्टमार्टम रिपोर्ट में मृत्यु का कारण रक्तस्राव बताया गया है। जिला शासकीय अधिवक्ता (फौजदारी) सुशील कुमार शर्मा ने जमानत का विरोध करते हुए मामले की गंभीरता और विवेचना जारी होने का हवाला दिया। न्यायालय ने कहा कि वृद्ध व्यक्ति पर लोहे की रॉड से हमला गंभीर एवं घातक प्रकृति का अपराध है। गवाहों को प्रभावित करने और साक्ष्यों से छेड़छाड़ की आशंका को देखते हुए न्यायालय ने जमानत प्रार्थना पत्र खारिज कर दिया।

# फिल्मी दुनिया

## कृष्ण की लीला दर्शाती सात मशहूर फिल्में और शोज





*श्रीकृष्ण जन्माष्टमी के दिन भक्त भगवान के उस नटखट रूप को याद करते हैं जब वह गोकुल में थे। ऐसी कई फिल्में और खासतौर पर कई एनिमेटेड शोज बने जिनमें कहीं न कहीं बाल गोपाल की महिमा को दिखाया गया है। आज जन्माष्टमी के मौके पर जानिए ऐसी सात फिल्मों और शोज के बारे में जिनके जरिए कृष्ण की लीलाएं परदे पर दिखाई गईं। नब्बे के दशक में सीरियल श्री कृष्णा घर-घर में मशहूर था। इस सीरियल का निर्देशन रामानंद सागर और मोती सागर ने किया था। यह कार्यक्रम दूरदर्शन पर प्रसारित होता था। सीरियल की कास्ट में सर्वदमन डी बैनर्जी, पिंकी पारेख, रेशमा मोदी मुख्य किरदारों में थे। राधा रानी और श्री कृष्ण का प्रेम संसार के लिए प्रतीक है। मगर राधा से प्रेम में भगवान कृष्ण का मंत्रमुग्ध होना और फिर उनसे बिछड़ जाने पर वियोग की पीड़ा सहना। यह सब 2018 में प्रसारित हुए सीरियल राधाकृष्ण में दिखाया गया है। 2008 में कलर्स टीवी में 'जय श्री कृष्णा' सीरियल टेलीकास्ट हुआ। इस सीरियल में कृष्ण के बचपन की लीलाएं दिखाई गई हैं। सीरियल को दर्शकों ने काफी प्यार दिया था, एपिसोड में श्री कृष्ण का किरदार धृति भाटिया ने निभाया था। वहीं किशोरअवस्था के कृष्ण का किरदार मेघन जाधव ने किया था। लिटिल कृष्ण एक एनिमेटिड मूवी है जो 2009 में रिलीज हुई थी। यह फिल्म श्रील प्रभुपाद की पुस्तक कृष्ण, सर्वोच्च व्यक्तित्व पर आधारित हुआ। यह कॉर्टून निकलोडियन चैनल पर प्रसारि किया गया था।*

### कृष्ण और कंस

*भारत की पहली स्टीरियोस्कोपिक एनिमेटेड फिल्म के रूप में सराही गई कृष्ण और कंस एक्शन और ड्रामा से भरपूर एक रोमांचक कहानी है। यह फिल्म कृष्ण के शुरुआती जीवन को दर्शाती है। उनके जन्म से लेकर उनके अत्याचारी मामा कंस के शत्रु बनने तक। बॉलीवुड की मशहूर फिल्म ओह माय गॉड 2012 में रिलीज हुई थी। फिल्म में परेश रावल और अक्षय कुमार मुख्य किरदार में थे। फिल्म अंधविश्वास और धर्म के व्यवसायीकरण पर सवाल उठाती है।*

# जिले के 92 खिलाड़ी राज्य स्तरीय हॉकी प्रतियोगिता हेतु चयनित

**नैनीताल**
हमारे संवाददाता

मोहनलाल साह बालिका इंटर कॉलेज के संयोजन में बीरवार को जिला स्तरीय हॉकी प्रतियोगिता राजकीय बालिका इंटर कॉलेज के मैदान में करायी गई जिसमें कोटाबाग, भीमताल तथा हल्द्वानी विकास खंडों के लगभग 120 बालक- बालिकाओं ने चयन ट्रायल मे प्रतिभाग किया।

इससे पूर्व प्रतियोगिता का प्रारंभ प्रधानाचार्या मोहनलाल शाह बालिका इंटर कॉलेज श्रीमती शबनम अहमद एवं प्रधानाचार्या जयश्री राजकीय बालिका इंटर कॉलेज नैनीताल ने किया जिसमे अंडर 14 बालक बालिका समेत अंडर 17 बालक बालिका तथा अंडर 19 बालक बालिका के कुल 96 खिलाड़ियों का चयन राज्य स्तरीय हॉकी प्रतियोगिता हेतु किया गया जो सितंबर अंतिम सप्ताह मे बालिका वर्ग जिला चंपावत में आयोजित होनी है जबकि बालक वर्ग देहरादून में आयोजित होनी है मै प्रतिभाग करेंगे। चयनकर्ता टीम में सुरेंद्र सिंह अधिकारी, पुष्पा दरमवाल व कंचन रावत शामिल रहे। इस दौरान सीमा सेन, गंगा कांडपाल, निशा कुमारी, स्वाति, आशीष शाह व महिपाल आदि ने सहयोग किया।



# झील में भारी मात्रा में गाद व मिट्टी पहुंचने के कारणों की होगी जांच

**नैनीताल**

हमारे संवाददाता

मूसलाधार बारिश के बाद नैनीझील में भारी मात्रा में गाद और मलबा पहुंचने से प्रशासन की चिंता बढ़ गई है। झील में जमा मलबे के कारणों की जांच के लिए बीरवार को एसडीएम, भूविज्ञानी और सिंचाई विभाग के अधिकारियों ने प्रभावित क्षेत्रों का निरीक्षण किया।

एसडीएम ने सिंचाई विभाग को झील में जमा मलबा हटाने के साथ ही मिट्टी के झील तक पहुंचने के कारणों की विस्तृत जांच के निर्देश दिए। बीते दो दिनों से लगातार हो रही बारिश के दौरान मल्लीताल बोट हाउस के समीप नाले के जरिये कई टन गादए मिट्टी और मलबा झील में पहुंच गया। बोट हाउस कलब के समीप नाले के मुहाने पर बड़ी मात्रा में मलबा जमा होने से डेल्टा जैसा क्षेत्र उभर आया। जिससे नाला चोक होने के साथ झील में गंदगी फैल गई। सूचना प्रशासन तक पहुंचने के बाद एसडीएम नवाजिश खलीक, भूविज्ञानी कामिनी बिष्ट और सिंचाई विभाग के अधिकारियों ने बोट हाउस कलब के समीप नाले और झील का निरीक्षण किया। अधिकारियों के अनुसार प्रारंभिक जांच में सामने आया कि पूर्व में आल्मा कॉटिज क्षेत्र में हुए भूस्खलन का मलबा नालों में जमा था। तेज बारिश के दौरान पानी के बहाव के साथ यह मलबा झील तक पहुंचा है। एसडीएम ने सिंचाई विभाग को झील से मलबा हटाने और इसके स्रोत व अन्य संभावित कारणों की जांच के निर्देश दिए हैं। साथ ही क्षेत्र में निगरानी के लिए नालों में सीसीटीवी कैमरे लगाने की भी बात कही ताकि नालों में गंदगी या गाद मिट्टी डालने वालों की भी पहचान हो सके। सिंचाई विभाग के अधिशासी अभियंता डीके सिंह ने बताया कि मलबा झील तक पहुंचने के कारणों पर भू वैज्ञानिकों से विस्तृत चर्चा हुई है। वर्ष 2018 में जिला प्रशासन की ओर से झील का सर्वे कराया गया था। अब नया सर्वे कराकर पुरानी रिपोर्ट से उसका मिलान किया जाएगा। इससे झील की मौजूदा गहराई और जमा मलबे की स्थिति का आकलन होगा। भूवैज्ञानिक के साथ विस्तृत कार्ययोजना तैयार कर वैज्ञानिक विधि से झील से मलबा निकाला जाएगा।



## News कॉर्नर

### प्रो. सतपाल बने कुमाऊं विवि के नए कुलपति

नैनीताल । उत्तराखंड के राज्यपाल और कुमाऊं विश्वविद्यालय के कुलाधिपति ले.ज.(सेनि) गुरमीत सिंह ने विश्वविद्यालय के नए कुलपति की नियुक्ति का आधिकारिक आदेश जारी कर दिया है। जारी आदेश के अनुसार प्रो. सतपाल सिंह बिष्ट को कार्यभार ग्रहण करने की तिथि से तीन वर्ष की अवधि या अगले आदेश तक (जो भी पहले हो) कुमाऊं विश्वविद्यालय नैनीताल का नया कुलपति नियुक्त किया गया है। बता दें प्रो. सतपाल सिंह बिष्ट वर्तमान में सोबन सिंह जीना विश्वविद्यालय अल्मोड़ा के कुलपति के रूप में सेवाएं दे रहे हैं। इस बीच प्रो.बिष्ट की तैनाती पर कुमाऊं विवि शिक्षक संघ कूटा के अध्यक्ष प्रो.ललित तिवारी तथा डीएसए के अवैतनिक महासचिव मनोज जोशी ने खुशी जाहिर करते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की है।

### जनपद में लंपी वायरस की दस्तक, तीन पशु संक्रमित

नैनीताल । नैनीताल जनपद में लंपी विषाणु से त्वचा रोग के तीन मामले सामने आने के बाद पशुपालन विभाग ने टीकाकरण और जागरूकता अभियान तेज कर दिया है। जनपद में अब तक 1,22,301 पशुओं का टीकाकरण किया जा चुका है। जांच के लिए भेजे गए 42 नमूनों में से 12 की रिपोर्ट प्राप्त हुई है जिनमें तीन नमूने संक्रमित मिले हैं। इनमें दो राजपुरा गौशाला और एक गोविंदपुर गढ़वाल का है।

मुख्य पशु चिकित्साधिकारी डॉ. राजीव सिंह के अनुसार संक्रमण की रोकथाम के लिए जिले में 163 टीमें तैनात की गई हैं। टीमें गांव.गांव जाकर पशुओं का टीकाकरण, सर्वे और दवा वितरण कर रही हैं। संक्रमण को अन्य क्षेत्रों में फैलने से रोकने के लिए बाहरी राज्यों और अन्य स्थानों से महिषवंशी व गौवंशीय पशुओं के परिवहन पर भी प्रतिबंध लगाया गया है।


# बेखौफ चोरों का दुस्साहस, अंबिकापुरम में बंद मकान से लाखों के जेवर किए साफ

**हल्द्वानी**

हमारे संवाददाता

शहर में बरसात के साथ चोरी की वारदातों का सिलसिला भी थमने का नाम नहीं ले रहा है। चोरों के हौसले इतने बुलंद हैं कि घनी आबादी और सीसीटीवी कैमरों की मौजूदगी के बावजूद सूने मकानों को निशाना बनाया जा रहा है। अंबिकापुरम कॉलोनी में चोरों ने एक बंद मकान का ताला तोड़कर लाखों रुपये के सोने के जेवर और करीब 15 हजार रुपये की नगदी पर हाथ साफ कर दिया। वारदात ने पुलिस की रात्रि गश्त और सुरक्षा व्यवस्था पर भी सवाल खड़े कर दिए हैं।

अंबिकापुरम स्थित जागनाथ भवन में रहने वाले जय कृष्ण भट्ट का निधन हो चुका है। उनकी पत्नी पिछले करीब दो माह से इलाज के सिलसिले में अपने बेटों के पास दिल्ली में रह रही हैं। इसी का फायदा उठाकर चोरों ने रात करीब 1:30 से 2 बजे के बीच मकान का ताला तोड़ा और अंदर घुस गए।



सुबह दरवाजा टूटा देखकर आसपास के लोगों ने ग्राम प्रधान रुक्मणी को सूचना दी। जानकारी मिलते ही हल्दूचौड़ चौकी पुलिस मौके पर पहुंची और घटनास्थल का बारीकी से निरीक्षण किया।

परिजनों के अनुसार घर में करीब ढाई से तीन तोले की सोने की चेन, लॉकेट, अंगूठी, कानों के झुमके समेत अन्य जेवर रखे थे। इसके अलावा करीब 15 हजार रुपये की नगदी भी घर में थी। चोर जेवर और नगदी लेकर फरार हो गए।

### मोबाइल छोड़ गए

वारदात को अंजाम देने वाले चोरों की शातिराना हरकत का अंदाजा इसी से लगाया जा सकता है कि घर में रखा मोबाइल फोन तक उन्होंने हाथ नहीं लगाया। चोरों का निशाना सिर्फ कीमती सामान पर था। सीसीटीवी फुटेज में भी संदिग्धों की गतिविधियां कैद हुई हैं, जिसके आधार पर पुलिस जांच में जुटी है।

**सीसीटीवी के बावजूद बेखौफ चोर:** घनी आबादी के बीच सीसीटीवी कैमरों की निगरानी के बावजूद चोरी की घटना ने स्थानीय लोगों की चिंता बढ़ा दी है। लोगों का कहना है कि यदि चोर इस तरह बेखौफ होकर वारदात को अंजाम दे रहे हैं तो रात्रि गश्त और पुलिस की निगरानी व्यवस्था पर सवाल उठना स्वाभाविक है। बरसात के मौसम में सूने मकानों की सुरक्षा को लेकर भी लोगों में दहशत का माहौल है।

# रिहायशी इलाकों में कबाड़ का कारोबार अब नहीं चलेगा, निगम ने 30 कबाड़ियों को थमाया नोटिस

**हल्द्वानी**

हमारे संवाददाता

शहर के रिहायशी इलाकों में कबाड़ के कारोबार को लेकर नगर निगम ने अब सख्ती शुरू कर दी है। आवासीय क्षेत्रों में चल रही कबाड़ की दुकानों के खिलाफ कार्रवाई करते हुए निगम की टीम ने करीब 30 कबाड़ियों को नोटिस जारी कर दिया। नोटिस में संचालकों को साफ निर्देश दिए गए हैं कि वे 15 दिन के भीतर अपनी दुकानें शहर से बाहर शिफ्ट करें।

नगर निगम की कार्रवाई के बाद रिहायशी इलाकों में कबाड़ का कारोबार करने वालों में खलबली मच गई है। निगम ने स्पष्ट किया है कि निर्धारित समय सीमा के भीतर दुकानें स्थानांतरित नहीं की गईं तो संबंधित संचालकों के खिलाफ नियमानुसार आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

लंबे समय से आवासीय क्षेत्रों में कबाड़ की दुकानें संचालित होने से स्थानीय लोगों को दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा था। कबाड़ के ढेर, गंदगी और अव्यवस्था को लेकर शिकायतें भी सामने आती रही हैं।



### 15 दिन बाद होगी अगली कार्रवाई

नगर निगम ने नोटिस जारी कर कबाड़ियों को फिलहाल 15 दिन का समय दिया है। अधिकारियों का कहना है कि समय सीमा के भीतर दुकानें शहर से बाहर नहीं ले जाने पर नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी। निगम की इस कार्रवाई को शहर के रिहायशी इलाकों को कबाड़ के कारोबार से मुक्त कराने की दिशा में बड़ा कदम माना जा रहा है।

निगम ने अब ऐसे प्रतिष्ठानों को रिहायशी क्षेत्रों से हटाने की दिशा में कार्रवाई शुरू कर दी है।

# नैनीताल की बेटी प्रज्ञा पाण्डेय ने अमेरिका में फ हराया परचम

**नैनीताल**

हमारे संवाददाता

नैनीताल की प्रतिभा की धनी बेटी प्रज्ञा पाण्डेय का चयन अमेरिका की बहुराष्ट्रीय कंपनी में पीडबलूसी अमेरिका में सीनियर एसोसिएट के पद पर हुआ है।

बता दें प्रज्ञा की प्रारंभिक शिक्षा सेंट मैरीज कान्वेंट स्कूल नैनीताल से हुई, बचपन से ही मेधावी प्रज्ञा अपने विद्यालय में वाइस हैड गर्ल रही। उन्होंने पन्तनगर विश्वविद्यालय से स्नातक की उपाधि प्राप्त की। विश्वविद्यालय ने स्नातक परीक्षा में उनके श्रेष्ठ प्रदर्शन को देखते हुए उन्हें इन्टर्नशिप के लिए फ्रांस भेजा। उसके उपरान्त उनका चयन देश के शीर्ष प्रबन्धन संस्थान नेशनल इन्स्यटूट एग्रीकल्चर एकसटैनशन मैनेजमैंट (एमएएनएजीई) हैदराबाद में एम0बी0ए0 पाठ्यक्रम हेतु हुआ। संस्थान के कैंपस प्लेसमैन्ट में उनका चयन पीडबलूसी इंडिया कंपनी में हुआ। भारत में पीडबलूसी इंडिया एवं ग्रांट थौरटन जैसी बहुराष्ट्रीय कंपनियों में सेवायें देने के उपरान्त वर्ष 2025 में उन्होंने सेवा से त्यागपत्र दे दिया और अमेरिका चली गयी। अमेरिका के सैन फ्रान्सिस्को विश्वविद्यालय से मार्केटिंग इंटेलीजैंस में मास्टर्स की उपाधि प्राप्त की। ततपश्चात उनका चयन पीडबलूसी अमेरिका में सीनियर एसोसिएट के पद पर हो गया है। बता दें प्रज्ञा के पिता मनोज कुमार पाण्डेय नैनीताल के प्रतिष्ठित सीआरएसटी इंटर कालेज नैनीताल में प्रधानाचार्य के पद पर कार्यरत हैं जबकि उनकी माता श्रीमती मंजू पाण्डेय जूनियर हाईस्कूल मल्लीताल नैनीताल में सहायक अध्यापक के पद पर कार्यरत हैं। प्रज्ञा पाण्डेय ने अपनी सफलता का श्रेय अपने माता पिता समेत गुरुजनों एवं अपने पति नीलेश लोहनी को दिया है।



प्रज्ञा के पति नीलेश लोहनी अमेरिका में साफ्टवेयर इंजीनियर हैं। प्रज्ञा की सफ लता पर विद्यालय प्रबन्धक अनूप साह, प्रबन्ध समिति के सदस्य आलोक साह, शिक्षक डा.0 एस0एस0 बिष्ट, गणेश दत्त लोहनी, ललित सिंह जीना, रितेश साह, अनुपम उपाध्याय, डा0. गौरव भाकुनी, हिमांशु जोशी, कुमायूँ विश्वविद्यालय शिक्षक संघ के अध्यक्ष प्रो0. ललित तिवारी, पंतनगर विश्वविद्यालय की पूर्व प्राध्यापिका डा. हेमा पाण्डे ने हर्ष व्यक्त किया है और उनके उज्जवल भविष्य की कामना की है।

### एसटीएच के विशेषज्ञों की टीम कल को ज्योलीकोट में संभालेगी मोर्चा

नैनीताल । जिले के भीमताल विकास खंड के बलाक प्रमुख डा.हरीश सिंह बिष्ट के मुताबिक विकास खंड के ज्योलिकोट और उसके आसपास के ग्रामीण इलाकों में दूषित पेयजल की आपूर्ति के कारण जल जनित बीमारियों का भारी प्रकोप फैल गया है। डा.बिष्ट ने बताया कि क्षेत्र के लगभग 8 से 10 गांवों में डायरिया, पीलिया और टाइफाइड जैसी गंभीर बीमारियों ने महामारी का भयावह रूप ले लिया है।

# महिलाओं को समयबद्ध व सुरक्षित मातृ स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान करें अधिकारी:सीएमओ

**नैनीताल**

हमारे संवाददाता

सीएमओ डॉ. रश्मि पंत द्वारा जनपद के सभी प्रभारी चिकित्सा अधिकारियों/ चिकित्सा अधीक्षकों को गर्भवती महिलाओं को समयबद्ध एएनसी सेवाएं, सुरक्षित संस्थागत प्रसव तथा प्रभावी रेफ रल व्यवस्था तथा संभावित जटिलताओं का समय पर उचित उपचार मुहैया कराने के संबंध में आवश्यक दिशा.निर्देश जारी किए गए हैं। डा.पंत ने निर्देश दिए कि



सभी गर्भवती महिलाओं विशेषकर दूरस्थ व दुर्गम एवं भूस्खलन संभावित क्षेत्रों में निवास करने वाली महिलाओं की लाइन लिस्ट तैयार कर आशा एवं एएनएम के माध्यम से नियमित फॉलोअप सुनिश्चित किया जाए। प्रत्येक गर्भवती महिला को समयबद्ध एएनसी परामर्श एवं आवश्यक स्वास्थ्य सेवाएं मुहैया कराई जाएं। उन्होंने प्रत्येक गर्भवती महिला का बर्थ प्लान तैयार करने के निर्देश दिएए जिसमें प्रसव स्थल, परिवहन की व्यवस्थाए संभावित रकदाता तथा आपातकालीन संपर्क विवरण का स्पष्ट उल्लेख हो। संभावित प्रसव तिथि के अनुसार सभी उच्च जोखिम गर्भावस्था की समय से पहचान, लाइन लिस्टिंग एवं नियमित निगरानी सुनिश्चित की जाए तथा ऐसी महिलाओं पर विशेष ध्यान दिया जाए।

# बिना इजाजत चल रहे मदरसों पर प्रशासन का शिकंजा, बनभूलपुरा में दो सील

**हल्द्वानी**

हमारे संवाददाता

बनभूलपुरा में बिना वैध अनुमति संचालित किए जा रहे मदरसों पर आखिरकार प्रशासन का डंडा चल गया। प्रशासन, शिक्षा विभाग, अल्पसंख्यक कल्याण विभाग और पुलिस की संयुक्त टीम ने अभियान चलाकर दो मदरसों को सील कर दिया। कार्रवाई के दौरान संचालकों से संस्थान के संचालन से संबंधित दस्तावेज मांगे गए, लेकिन मौके पर आवश्यक वैध अभिलेख उपलब्ध नहीं कराए जा सके।

सिटी मजिस्ट्रेट एपी वाजपेयी और एसडीएम मोनिका आर्य की मौजूदगी में टीम ने दोनों संस्थानों की जांच की। अधिकारियों ने संचालकों से बातचीत कर अनुमति और मान्यता से जुड़े दस्तावेजों की पड़ताल की। दस्तावेजों



के अभाव में प्रशासन ने दोनों मदरसों को सील कर दिया।

**मदरसा बोर्ड भंग, अब अनुमति जरूरी:** सिटी मजिस्ट्रेट एपी वाजपेयी ने बताया कि अल्पसंख्यक शिक्षा अधिनियम के गठन के बाद मदरसा बोर्ड भंग किया जा चुका है। ऐसे में मदरसों के संचालन के लिए शिक्षा विभाग और उत्तराखंड मदरसा प्राधिकरण से आवश्यक अनुमति लेना जरूरी है। उन्होंने कहा कि नियमों को ताक पर रखकर किसी भी शिक्षण संस्थान का संचालन नहीं होने दिया जाएगा।

**बिना अनुमति चलाने वालों पर आगे भी कार्रवाई:** प्रशासन ने साफ किया कि बनभूलपुरा क्षेत्र में बिना आवश्यक अनुमति संचालित हो रहे संस्थानों की जांच जारी रहेगी। जिन संस्थानों के पास वैध दस्तावेज नहीं पाए जाएंगे, उनके खिलाफ नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी। दो मदरसों पर हुई कार्रवाई के बाद क्षेत्र में बिना अनुमति संचालित संस्थानों के संचालकों में खलबली मची हुई है।

संयुक्त टीम ने मौके पर पहुंचकर मदरसों के संचालन से जुड़े दस्तावेजों की जांच की। आवश्यक वैध अनुमति नहीं मिलने पर दोनों संस्थानों को सील कर दिया गया।

### प्रशासन की दो टूक

प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि शिक्षण संस्थान चलाने के लिए निर्धारित नियमों और अनुमति की अनदेखी किसी भी स्थिति में स्वीकार नहीं की जाएगी। बिना अनुमति संचालन मिलने पर आगे भी कार्रवाई होगी।